# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VIII (3rd Lang) | Department: Hindi | Date: --/10/24 |
|---|---|---|
| Q. Bank & Grammar | Topic: मूलमंत्र **(कविता)** | Note: Pls. check with your class work |

## अति लघु प्रश्न

प्रश्न1- 'मूलमंत्र' कविता के अनुसार मोती कहाँ होते हैं?

उत्तर - 'मूलमंत्र' कविता के अनुसार मोती सागर में होते हैं।

प्रश्न2- बिना चले क्या नहीं मिलती है?

उत्तर - बिना चले मंज़िल नहीं मिलती है|

प्रश्न3- विद्या धन को कैसे प्राप्त कर सकते हैं ?

उत्तर - विद्या धन को उद्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

प्र4-सफलता पाने के लिए क्या करना होता है?

उ- सफलता पाने के लिए मेहनत करना होता है|

## लघु प्रश्न

प्र5-क्या बिना चले मंज़िल तक पहुँचा जा सकता है?

उ- नहीं, बिना चले मंज़िल तक नहीं पहुँचा जा सकता है । मंज़िल तक पहुँचने के लिए चलना बहुत ज़रूरी है |

प्र6-ज्ञान के बिना क्या संभव नहीं है?

उ- ज्ञान के बिना घर-घर में जोत जलाना संभव नहीं है| इसका आशय यह है कि ज्ञान प्राप्त करने के बाद ही घर-घर में ज्ञान की रोशनी फैला सकते हैं|

## दीर्घ प्रश्न

**प्र7-अपनी इच्छा पूरी करने के लिए क्या करना ज़रूरी है?**

उ- अपनी इच्छा पूरी करने के लिए हमें मेहनत करना ज़रूरी है| जिस चीज को पाना हो उसके लिए उसी दिशा में कोशिश करना पड़ता है| केवल कल्पना करते रहने से कुछ भी प्राप्त नहीं किया जा सकता है|

**प्र8-मूलमंत्र कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए|**

उ- मूलमंत्र कविता का संदेश यह है कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है| मेहनत से ही गोताखोर समुद्र से मोती निकाल लाता है| मेहनत से ही विद्या प्राप्त की जा सकती है| मेहनत से ही सभी इच्छाएँ पूरी की जा सकती हैं| इसलिए हम सबको मेहनत करना चाहिए |

## व्याकरण भाग

### लिंग परिवर्तन

| | | |
|---|---|---|
| 1 चाचा | - | चाची |
| 2 शिष्य | - | शिष्या |
| 3 मामा | - | मामी |
| 4 बकरा | - | बकरी |
| 5 छात्र | - | छात्रा |
| 6 मौसा | - | मौसी |
| 7 स्वामी | - | स्वामिनी |
| 8 सेवक | - | सेविका |

### वाक्य में लिंग परिवर्तन

1- छात्र कहानी पढ़ रहा है |

उ- छात्रा कहानी पढ़ रही है |

2- मेरा सेवक कामचोर नहीं है |

उ- मेरी सेविका कामचोर नहीं है |

### विलोम

| | | |
|---|---|---|
| 1 अंदर | X | बाहर |
| 2 अभिशाप | X | वरदान |
| 3 अहिंसा | X | हिंसा |
| 4 आकाश | X | पाताल |
| 5 अपना | X | पराया |
| 6 उत्तीर्ण | X | अनुत्तीर्ण |
| 7 राजा | X | रंक |
| 8 आयात | X | निर्यात |

### पर्यायवाची शब्द

| | |
|---|---|
| 1 इच्छा - | चाह, कामना |
| 2 उद्यम - | मेहनत, परिश्रम |
| 3 लक्ष्य - | मंज़िल, उद्देश्य |
| 4 सागर - | सिंधु, समुद्र |
| 5 पर्वत - | पहाड़, गिरि |
| 6 जल - | पानी, नीर |
| 7 वायु- | हवा, पवन |

8 बादल - मेघ, घन

**वाक्यांश**

1 जिसका पता न हो - अज्ञात

2 जिसकी तुलना न हो सके - अतुलनीय

3 साथ पढ़ने वाला - सहपाठी

4 रात में घूमने वाला - निशाचर

5 जो जीता न जा सके - अजेय

6 जिसका अंत न हो - अनंत

7 जिसकी सीमा न हो - असीम

8 जो बीत गया हो - अतीत

---000---